# BORDER NEWS MIRROR

ISSUE :

₹5

www.bordernewsmirror.com Only bilingual Newspaper 17-06-2022 ( Friday )




// PAGE

**सोनम कपूर की बेबी शॉवर की तस्वीरें वायरल**

बेबी शॉवर के दौरान सोनम कपूर पिंक कलर के गाउन में नजर आईं। इस सेलिब्रेशन की कुछ तस्वीरें सोनम ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर फैंस के साथ साझा की हैं।

// PAGE

**ट्विटर पर ट्रेंड हुआ बॉयकॉट ब्रह्मास्त्र**

ब्रह्मास्त्र इसी साल 9 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।अब सोशल मीडिया पर इस फिल्म के बॉयकॉट की मांग उठ रही है।

// PAGE

**मलाइका को देख बेकाबू हुए कुछ लोग**

मलाइका अरोड़ा का हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह जिम से बाहर निकलती हैं और फिर कुछ लोग उन्हें घेर लेते हैं।



# बिहार में अग्निपथ योजना का जबरदस्त विरोध, सेना भर्ती के अभ्यर्थियों का फूटा गुस्सा

**बीएनएम@राकेश कुमार**

**-रेलवे को भारी नुकसान, कई ट्रेनों का परिचालन बाधित**

**-छपरा जंक्शन पर 12 ट्रेनों में तोड़फोड़, तीन ट्रेनों में लगाई आग**

**-नवादा भाजपा कार्यालय में तोड़फोड़ और आगजनी**

पटना/मोतिहारी। बिहार में लगातार दूसरे दिन गुरुवार को केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में सेना भर्ती के अभ्यर्थियों ने सड़कों पर उतरकर जमकर बवाल काटा। अभ्यर्थियों ने राज्य के बक्सर, आरा, सिवान, जहानाबाद, छपरा, मोतिहारी, मुंगेर, कैमूर, नवादा, सहरसा और बेगूसराय सहित तमाम जिलों में जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी युवाओं ने रेल की पटरियों और ट्रेनों को निशाना बनाया। छपरा और कैमूर में ट्रेनों में तोड़फोड़ की गई। कुछ डिब्बों में आग भी लगा दी गई। आरा में रेलवे स्टेशन पर ट्रैक जाम कर छात्रों ने उग्र प्रदर्शन किया। इन युवाओं की पुलिस जवानों के साथ झड़प भी हुई। नवादा में छात्रों ने जमकर बवाल काटा। भाजपा विधायक की गाड़ी पर हमला भी किया गया। जहानाबाद में भी सुबह से ही रेलवे ट्रैक पर छात्रों का प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। स्टेशन परिसर पर छात्रों का पूरी तरह से कब्जा है। भभुआ रोड स्टेशन पर भी ट्रेनों में तोड़फोड़ की गई। इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगाने की खबर भी मिली है। मुंगेर में अग्निपथ योजना का विरोध करते हुए युवाओं ने जमकर बवाल काटा। मुंगेर और बांका के इलाके में जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। छात्रों ने एनएच 80 पर भी जाम लगा दिया है।प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने छपरा और कैमूर में पैसेंजर ट्रेन में आग लगा दी। छपरा जंक्शन पर करीब 12 ट्रेनों में तोड़फोड़ की गई है। छपरा में तीन ट्रेनों में आग लगाने की खबर है। पूरे स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल है। आरा में उपद्रवियों पर काबू पाने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े हैं। गुस्साए छात्र केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। प्रदर्शन के कारण रेल यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है। सहरसा, जहानाबाद, नवादा, मुंगेर, बक्सर समेत अन्य जिलों में अभ्यर्थियों ने रेलवे ट्रैक और हाईवे जाम कर दिए हैं। इससे कई रूटों पर रेल सेवा प्रभावित हुई है। राज्यरानी एक्सप्रेस, वैशाली एक्सप्रेस समेत अन्य पैसेंजर ट्रेनों को रोकना पड़ा। आरा में रेलवे स्टेशन पर स्थित दुकानों में लूटपाट की खबर आई है। बेलागंज में गया-पटना पैसेंजर ट्रेन को रोककर उसमें तोड़फोड़ की गई। नवादा में अग्निपथ आंदोलन के बीच उग्र प्रदर्शनकारियों ने जिला भाजपा कार्यालय में तोड़फोड़ कर उसे आग के हवाले कर दिया। बीजेपी कार्यालय को बुरी तरह नुकसान पहुंचा है। मोतिहारी के चांदमारी रेलवे फाटक के पास छात्रों के द्वारा रेल ट्रैक जाम कर दिए जाने से ट्रेन सेवा बाधित हो गई है। सुबह 11 बजे से अभी तक रेल परिचालन बाधित है। इस दौरान, 19038 अप अवध (बांद्रा) एक्सप्रेस बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन से पहले आउटर सिग्नल के पास खड़ी है। वहीं, 13022 अप मिथिला एक्सप्रेस सेमरा स्टेशन पर रोकी गई है। 12558 डाउन सप्तक्रांति एक्सप्रेस सुगौली स्टेशन पर खड़ी है। 12557 अप सप्तक्रांति एक्सप्रेस को रेलखंड बाधित होने की वजह से अभी मुजफ्फरपुर में ही डिटेन किया गया है। यह ट्रेन मुजफ्फरपुर से अभी नहीं खोली गयी है। विक्रमशिला एक्सप्रेस भागलपुर से आनंद विहार के लिए समय पर रवाना नहीं हो सकी। रवाना होने का समय 11.50 बजे है। अब तक ट्रेन स्टेशन पर खड़ी है। मालदा-किऊल इंटरसिटी भी भागलपुर स्टेशन पर खड़ी है। गरीब रथ को नाथनगर स्टेशन पर रोक दिया गया है। आक्रोशित छात्रों ने कई जगह पर रेल पटरी का पैंडू क्लिप खोल दिया है। जब तक ट्रैक फिट नहीं होगा, ट्रेन सेवा शुरू नहीं हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि सरकार ने सेना बहाली की नीति में बदलाव करते हुए सेवा की अवधि छोटी की है। इसे अग्निपथ का नाम दिया गया। युवाओं को सरकार का यह फैसला पसंद नहीं आ रहा है। यही वजह है कि युवा अब सेना बहाली के लिए पुरानी नीति बरकरार रखने की मांग कर रहे हैं। आज सुबह से ही बिहार के ज्यादातर जिलों में प्रदर्शन देखा जा रहा है।



## जुमे की नमाज को लेकर हाई अलर्ट, पांच हजार जवान तैनात

**बीएनएम@रांची**

रांची। राजधानी रांची में शुक्रवार को होने वाली जुमे की नमाज को लेकर रांची पुलिस हाई अलर्ट पर है। इसे लेकर रांची में सीआरपीएफ, जैप, आईआरबी और रैफ के पांच हजार जवानों को तैनात किया गया है। इससे पूर्व पुलिस लाइन में डीआईजी और एसएसपी ने जवानों की ब्रीफिंग की। उन्हें बताया कि नमाज के वक्त उन्हें कैसे ड्यूटी करनी है। किसी प्रकार की सूचना मिलने पर पहले कंट्रोल रूम को सूचना देनी है। डीआईजी अनीश गुप्ता ने बताया कि जुमे की नमाज को लेकर राजधानी में पांच हजार जवानों की तैनाती की गई है। पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। साथ ही निगरानी के लिए बड़ी संख्या में ड्रोन कैमरे भी लगाये जा रहे हैं। बताया गया है कि किसी भी कीमत पर उपद्रवियों को उपद्रव करने का मौका नहीं देना है। अगर कोई उपद्रव करता है तो सबसे पहले उन पर आंसू गैस के गोले दागना है और फिर उससे भी अगर वह नहीं माने तब लाठीचार्ज करना है।


MIRA ELECTROHOMEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & RESEARCH CENTRE

Admission Open

Affiliated by: Indian Electrohomeopathic Medical Council, New Delhi

Mission Chowk, Motihari, Near MHK College

Mob.- 7091523918, 7004195411

# पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कानून बनाकर काम किया : मुख्यमंत्री




बीएनएम@पटना

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि वर्ष 2005 में हमने पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करने लिए कानून बनाकर काम किया। राष्ट्रीय प्रावधान के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए कम से कम एक तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया गया था। सीएम ने कहा कि वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं का चुनाव था। पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकाय चुनावों में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण देनेवाला बिहार पहला राज्य बना। इससे बड़ी संख्या में महिलाएं समाज में प्रतिनिधित्व करने आगे आयी । अब तो 50 प्रतिशत से भी अधिक महिलाएं चुनकर आने लगी हैं। वर्ष 2001 के चुनाव में किसी को कोई आरक्षण नहीं था। हम लोगों ने पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकाय चुनावों में अति पिछड़े वर्ग को 20 प्रतिशत, अनुसूचित जाति को 16 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति को भी एक प्रतिशत के आरक्षण का प्रावधान कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 14वें वित्त आयोग में केंद्र से जो पैसा आया उसमें पंचायत स्तर पर ही पैसा मिला। जिला और प्रखंड स्तर पर भी राशि मिलने के प्रावधान किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2015 से सात निश्चय का काम हम लोगों ने शुरु किया। इसके तहत हर घर नल का जल पहुंचाया गया। हर घर तक पक्की गली-नाली का निर्माण कराया गया। हर घर में शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। जहां पानी में आयरन, आर्सेनिक और फ्लोराइड की शिकायतें हैं वहां लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के माध्यम से लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति करायी जा रही है। बिहार में हर घर नल का जल लगभग पूरा कर लिया गया है, इसमें कई जगहों पर समस्याएं आयी उसका निदान कर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की मांग पर शराबबंदी लागू किया गया। बड़ी संख्या में महिलाएं जनप्रतिनिधि हैं। शराबबंदी के क्रियान्वयन पर नजर रखें। बाल विवाह एवं दहेज प्रथा पर भी नजर रखनी है। समाज सुधार अभियान के तहत हम लोगों ने 12 जगहों पर कार्यक्रम किया।

## NEWS IN BRIEF

### हर्ष फाइरिंग में एक की मौत, छह घायल

अररिया। शादी-समारोह के दौरान हर्ष फाइरिंग में आये दिन घटनाएं होती रहती है,बावजूद इसके लोग सबक नहीं लेते। गुरुवार सुबह अररिया के नरपतगंज थाना क्षेत्र के बीबीगंज गांव में लड़की की शादी में सिंदूरदान के दौरान 15 से 20 राउंड की हर्ष फाइरिंग की गई।जिसमें दुल्हन की भाभी की मौके पर ही मौत हो गयी,जबकि दुल्हन और दूल्हे के बहनोई समेत छह लोग घायल हो गये।घायलों में 50 वर्षीय संजय यादव ,30 वर्षीया संजिला देवी ,30 वर्षीया जाला देवी ,60 वर्षीया सुदामा देवी शामिल है। सभी बीबीगंज पंचायत के वार्ड संख्या आठ के रहने वाले हैं। दूल्हे के पक्ष से बहनोई मुकेश यादव भरगामा खजूरी के रहने वाले हैं।मुकेश यादव के साइन में गोली लगने की बात कही जा रही है।दुल्हन नीलम कुमारी के बांह में गोली लगी है।घटना अहले सुबह तीन बजे की बताई जा रही है।गोलीबारी के शिकार चार लोगों को इलाज के लिए पूर्णिया मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।गोलीबारी की घटना के बाद रात में ही सभी बाराती गांव छोड़कर भाग निकले। जबकि कई बारातियों की गाड़ियां गांव में फंसी हुई है।

### करंट लगने से एसएसबी जवान की मौत

मधुबनी। जिला के भारत - नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के हरलाखी थाना इलाका से सटे एसएसबी कैम्प में गुरुवार को एक जवान की मौत बिजली करंट लगने से हो गयी । पुलिस प्रशासन के सूत्रानुसार करंट लगने से एसएसबी के 27 वर्षीय जवान राहुल कुमार की मौत हो गई। कैम्प में बिजली के नंगे तार से प्रवाहित हो रही करंट के संपर्क में आने से जवान की मौत हुई है। हादसा पिपरौन एसएसबी कैम्प की है। पुलिस प्रशासन कुछ भी बताने से परहेज किया।

# बिहार में अग्निपथ : पूर्व मध्य रेलवे ने रद्द की 22 ट्रेनें

बीएनएम@पटना

पटना। सेना भर्ती की अग्निपथ योजना के विरोध में बिहार के कई शहरों में गुरुवार को किये गये भारी प्रदर्शन और रेलवे को बनाए गए निशाने के बाद रेलवे ने गुरुवार को 22 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इस संबंध में पूर्व मध्य रेलवे ने अधिसूचना जारी कर दी है। पूर्व मध्य रेलवे की ओर से कहा गया है कि अलग अलग रूटों की 22 ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि पांच ट्रेनों का आंशिक समापन किया गया है। सेना भर्ती की अग्निपथ योजना के विरोध में बिहार के कई शहरों में भारी प्रदर्शन के कारण रेलवे को सबसे ज्यादा निशाना बनाया गया है। कई जगहों पर युवाओं के प्रदर्शन के दौरान ट्रेनों को आग के हवाले कर दिया गया। कई रेल रूटों पर रेल सेवा बाधित हुई है। इस कारण रेलवे ने गुरुवार को 22 ट्रेनों को रद्द कर दिया।

# अग्निपथ संविदा नहीं, शिक्षित युवाओं के लिए सेना में नरेगा स्कीम: तेजस्वी

बीएनएम@पटना

पटना। बिहार में सेना भर्ती की अग्निपथ योजना के विरोध में चल रहे आंदोलन के बीच बिहार में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि अग्निपथ संविदा नहीं बल्कि शिक्षित युवाओं के लिए सेना में एक तरह से नरेगा स्कीम लागू की गई है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने गुरुवार को ट्विटर पर लिखा है, '2022 तक 80 करोड़ को नौकरी-रोजगार देने का इनका "संकल्प" था। अब वर्षों बाद अग्निपथ संविदा नहीं बल्कि शिक्षित युवाओं के लिए सेना में एक तरह से नरेगा स्कीम लागू की गई है। इनके वादों, जुमलों और इरादों को तो छोड़िए, जब प्रचंड बहुमत की सरकार के "संकल्प" का यह हश्र है तो बाकी का क्या?' उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 2022 तक 80 करोड़ को नौकरी-रोजगार देने का वादा किया था। इस संबंध में तेजस्वी ने पेपर की एक पुरानी कटिंग अपने ट्विटर पर शेयर की है, जिसमें लिखा है, 2022 तक 80 करोड़ को नौकरी-रोजगार देना हमारा सपना है और ये हमारा संकल्प भी है। ये बातें कोई और नहीं बल्कि खुद केंद्र सरकार नरेंद्र मोदी ने कही थी। अब इसको लेकर तेजस्वी यादव ने मोदी पर इतनी नौकरियां देने में झूठ बोलने का आरोप लगाया है।

# नवादा में जिला भाजपा कार्यालय को उपद्रवियों ने फूंका

बीएनएम@नवादा

नवादा। नवादा में जिला भाजपा कार्यालय को उपद्रिवयों ने गुरुवार की दोपहर आग के हवाले कर दिया। टायर आदि जलाकर कार्यालय के अंदर फेंकने से आग लगी। घटना में फर्नीचर समेत अन्य सामान जल गए। कार्यालय को काफी नुकसान हुआ है। सुबह से ही शहर के विभिन्न हिस्सों में छात्रों द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रजातंत्र चौक को सुबह में जाम किया गया। फिर नवादा रेलवे स्टेशन पर हंगामा किया गया। मालगोदाम रेलवे क्रासिंग के समीप जाम लगाया गया। काफी जद्दोजहद के बाद स्थिति सामान्य हो सकी थी। इस बीच उपद्रवियों ने अतौआ रोड में स्थित भाजपा के कार्यालय को फूंक दिया। करीब 12 बजे आग लगाई गई। एक बजे तक आग बुझाने का प्रयास भी शुरूनहीं हो सका था। घटना के वक्त कार्यालय में कोई नहीं थे। मीडियाकर्मियों के पहुंचने के बाद उपद्रवी वहां से भागे। करीब 300 की संख्या में रहे उपद्रवियों ने घटना को अंजाम दिया। उपस्कर, कागजात आदि जलाए गए हैं। तोड़फोड़ के बाद आग लगाई गई। लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है।



# अग्निपथ योजना सेना के लिए आत्मघाती : पप्पू यादव



बीएनएम@पटना

पटना। भारतीय सेना में भर्ती के लिए केंद्र सरकार की नई योजना अग्निपथ के खिलाफ देशभर में चल रहे प्रदर्शन के बीच आज जन अधिकार पार्टी (लो) के मुखिया सह पूर्व सांसद पप्पू यादव ने इसे सेना के लिए आत्मघाती बताया। पटना में उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि वन रैंक-वन पेंशन का नारा देकर आने वाली मोदी सरकार अब नो रैंक-नो पेंशन लागू करने का काम कर रही है। पप्पू यादव ने सरकार के इस कदम को सेना का मनोबल तोड़ने वाला कदम बताया और कहा कि भारतीय सेना हमारा गर्व है। इसका राजनीतिकरण बर्दाश्त नहीं होगा। यह सेना की अस्मिता पर चोट है। यह देश के स्वाभिमान पर हमला है। पप्पू यादव ने पूछा कि क्या मोदी सरकार अब हमारे जवानों में चार साल में बेरोजगार कर अडानी-अम्बानी के घर दरबान बनाने के फिराक में हैं। उन्होंने कहा कि आठ वर्षों में 16 करोड़ रोजगार देने की बात करने वाली मोदी सरकार ने अब तक 12 करोड़ से अधिक युवाओं से रोजगार छीनने का काम किया है। यह सरकार सेना विरोधी है। रोजगार विरोधी है। किसान विरोधी है। छात्र, युवा, महिला और संविधान विरोधी है। इसलिए केंद्र सरकार सेना के साथ खिलवाड़ बंद करे और अग्निपथ योजना को वापस लें। वरना पूरे बिहार प्रदेश में आंदोलन होगा। नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं के आंदोलन पर मोदी सरकार को घेरते हुए पप्पू यादव ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार पुलिस किसी पार्टी के दफ्तर में घुसकर उनके महिला सांसद समेत पार्टी के वरीय नेताओं के साथ लगातार बदसुलूकी की। लगातार विपक्ष को प्रदर्शन करने से से रोका जा रहा है। सिर्फ इसलिए कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने अडानी को पेड़ काटने से मना कर दिया। इसके बाद राहुल गांधी को तंग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज यह सवाल राहुल गांधी का नहीं है। यह सवाल है सरकार की जनता विरोधी मानसिकता का। उन्होंने कहा कि मोदी-शाह को अगर राहुल गांधी से इतना ही डर लगता है, तो वो क्यों नहीं उनकी निगरानी के लिए उनके पास सीसीटीवी से करते है। पप्पू यादव ने सरकार को इस मामले में अल्टीमेटम दिया और कहा कि अगर 23 जून तक सरकार विपक्ष पर हमला बंद नहीं करती, तो जन अधिकार पार्टी बिहार में भारत सरकार के किसी भी कार्यालय को चलने नहीं देगी।

# अनुसूचित जाति के लिए नि:शुल्क सिविल सेवा परीक्षा कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित




बीएनएम@गया

गया । दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) ने विशेष रुप से अनुसूचित जाति (एससी) के छात्रों के लिए मुफ्त सिविल सेवा परीक्षा (संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित) कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। नि:शुल्क कोचिंग हाल ही में सीयूएसबी में स्थापित "डॉ. अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" (डीएसीई) के अंतर्गत संचालित होगा। नि:शुल्क कोचिंग में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 16 जून से शुरु कर दी गई है और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून है। विवि के अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. राठी कांत कुंभार डीएसीई के नोडल अधिकारी हैं। सीयूएसबी में इस कोचिंग में 100 सीटें होंगी, जिसमें से 33 प्रतिशत अनुसूचित जाति की लड़कियों के लिए आरक्षित होंगी, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण कोचिंग प्राप्त कर छात्रों को सशक्त बनाया जा सके। योजना के तहत सभी आवश्यक व्यवस्था जैसे एसी क्लास और डिजिटल क्लासरुम, लाइब्रेरी, हाई स्पीड वाई-फाई आदि भी केंद्र में उपलब्ध कराए जाएंगे। शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के लिए प्रत्येक केंद्र में तीन शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। डीएसीई के लिए अनुदान सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा डॉ. अम्बेडकर फाउंडेशन, नई दिल्ली के माध्यम से प्रदान की जाएगी। शैक्षिक योग्यता / पात्रता: इच्छुक उम्मीदवार के पास भारत के केंद्रीय या राज्य विधानमंडल के अधिनियम द्वारा निगमित किसी भी विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए और 36 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उम्मीदवार अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित होना चाहिए। चयन प्रक्रिया: प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवारों के मेरिट सूची के आधार पर 100 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा संघ लोक सेवा आयोग के सिविल सर्विसेज परीक्षा के प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) पाठ्यक्रम के अनुसार होगी। प्रवेश परीक्षा में 100 बहुविकल्पीय आधारित प्रश्न होंगे। रजिस्ट्रार कर्नल राजीव कुमार सिंह ने कहा सीयूएसबी बिहार राज्य का एकमात्र विश्वविद्यालय है। जिसे सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा " "डॉ. अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" (डीएसीई) की स्थापना के लिए चुना गया है।

## NEWS IN BRIEF

### सुमित सन्नी बने दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य

बेगूसराय। संचार मंत्रालय भारत सरकार के अधीन दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में बेगूसराय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुमित सन्नी को मनोनीत किया है। गिरिराज सिंह द्वारा नाम की अनुशंसा किए जाने पर सुमित सन्नी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री द्वारा मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता पर एक बार पुनः आशा एवं विश्वास जताया गया है, हम सदैव इसके आभारी रहेंगे। सरकार की योजनाओं को अधिकाधिक जुड़ने की प्रतिबद्धता भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का मूल कर्तव्य है एवं उन्हें कर्तव्यों के निर्वहन के साथ-साथ ऐसी जिम्मेदारियां निश्चित तौर पर पार्टी के प्रति हमारे समर्पण को और अधिक प्रगाढ़ता प्रदान करता है।भाजपा जिलाध्यक्ष राजकिशोर सिंह, जिला महामंत्री कृष्ण मोहन पप्पू, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए कहा है कि सुमित सन्नी जिस तत्परता से पार्टी के हर एक कार्यक्रम को प्रमुखता से मीडिया में स्थान दिलाते रहे हैं।

### छापेमारी में स्मैक सहित चार गिरफ्तार

किशनगंज। सदर थाना पुलिस का नशे के सौदागरों के साथ साथ नशेड़ियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। एसपी डॉ इनामुल हक मेंगनु के निर्देश पर सदर थाना पुलिस ने ऑपरेशन रेड के तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया। गुरुवार को सदर थाना के कोतवाल अमर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान चार युवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवकों में पानीबाग वार्ड नंबर 04 निवासी मो. सलीम , शहबाज आलम, फरिंगगोड़ा निवासी फैज आलम और टेउसा निवासी फागु चौहान के पास से स्मैक भी बरामद किया गया।

# नवादा में भाजपा विधायक अरूणा देवी पर हमला, पांच घायल

बीएनएम@नवादा

नवादा। नवादा जिले के वारिसलीगंज से भाजपा विधायक अरुणा देवी के वाहन पर गुरुवार को नवादा नगर में हमला किया गया। सेना बहाली के नियमों में बदलाव के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदालन कर रहे छात्रों द्वारा विधायक के वाहन पर हमला किया गया। इसमें विधायक, उनके दो अंगरक्षक सहित पांच लोग चोटिल हो गए। परिसदन में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए विधायक ने कहा कि आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े एक मामले में पेशी के लिए कोर्ट पहुंचना था। वारिसलीगंज से नवादा आने के क्रम में तीन नंबर बस पड़ाव से आगे बढ़ते हुए रेलवे क्रासिंग के पास पहुंची थी कि बड़ी संख्या में जमा लोगों ने वाहन पर हमला बोल दिया। ईंट-पत्थर व लाठी-डंडे चलाने लगे। जिसमें वाहन का शीशा टूट गया। वाहन में सवार उनके अलावा दो सुरक्षा गार्डों सहित पांच लोगों को आंशिक चोटें आईं।

# बिहार में 'अग्निपथ' पर उग्र प्रदर्शन, 51 ट्रेनों का परिचालन ठप, 34 निरस्त

बीएनएम@पटना

पटना। बिहार में केंद्र सरकार की सेना बहाली योजना 'अग्निपथ' के विरोध में गुरुवार को दूसरे दिन दिनभर उग्र प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने कई ट्रेनों को आग के हवाले कर दिया। सड़क पर भी जमकर बवाल हुआ। इस दौरान 51 ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होने से रेल यातायात बाधित रहा। रेलवे को 34 ट्रेनें रद्द करनी पड़ी। पूर्व मध्य रेलवे (सीपीआरओ) बी कुमार ने बताया कि चार रेल डिवीजन के आठ रेल रुटों को बाधित किया गया। इसमें दानापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, समस्तीपुर और सोनपुर रेल डिवीजन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दोपहर बाद 3:30 बजे तक सभी रेल रुट को क्लियर कर लिया गया है। प्रदर्शन करने वालों को हटा दिया गया और ट्रेनों का परिचालन शुरु कर दिया गया है। इस दौरान कुल 51 ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ। ये ट्रेनें जहां-तहां रुकी रहीं। उग्र प्रदर्शन को देख पूर्व मध्य रेलवे ने आज की कुल 34 ट्रेनों को अब तक कैंसिल कर दिया है। आठ ट्रेनों को बीच में ही रोक दिया गया है, जबकि 17 जून की एक ट्रेन को भी कैंसिल कर दिया गया है। कुमार ने बताया कि सुबह प्रदर्शनकारियों ने सबसे पहले पटना-गया रुट पर जहानाबाद में ट्रेन परिचालन को बाधित किया। सुबह 10 बजकर 08 मिनट तक यातायात ठप रहा। अप और डाउन की कुल पांच ट्रेनें प्रभावित रहीं।

# अग्निपथ के मुद्दे पर जाप ने फूंका रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का पुतला

बीएनएम@पटना

पटना। जन अधिकार पार्टी ने सेना की चार साल के लिए युवाओं की अग्निवीर के तौर पर भर्ती योजना का विरोध किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में जन अधिकार छात्र परिषद के छात्रों ने कारगिल चौक पर गुरुवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का पुतला फूंका। पप्पू यादव ने कहा कि केवल चार वर्ष के लिए सेना में भर्ती किया जाना रोजगार के अधिकार का हनन है। सेना का मुद्दा देश की सुरक्षा से जुड़ा है, ऐसे में फ़ौजियों के साथ 4-4 साल वाला प्रयोग ठीक नहीं है? सैनिकों के स्वाभिमान और देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाली नीतियों का जन अधिकार पार्टी पुरजोर विरोध करती हैं। जाप के प्रदेश प्रधान महासचिव अवधेश लालू ने कहा कि राष्ट्रवादी सरकार कॉरपेरट के इशारे पर राष्ट्रीय सम्पति को रद्दी के भाव मे बेच रही है।निजी कारण का आलम यह है कि सेना को भी निजी हाथों में सौपने की तैयारी कर लिया है।मोदी सरकार ने सबसे ज्यादा वेरोजगार नौजवानों को ठगा है।



# प्रदर्शन के नाम पर उपद्रवियों ने की लूटपाट



बीएनएम@गया

गया। अग्निवीर योजना के विरोध प्रदर्शन के नाम पर हुए उपद्रव में उपद्रवियों ने जमकर लूटपाट मचाया। एक तरफ जहां उपद्रवियों ने सड़क जाम कर आगजनी, बेला स्टेशन पर तोड़फोड़ कर सरकारी सरकारी संपति को क्षतिग्रत कर दिया। दूसरी तरफ प्रदर्शन कर रहे उपद्रवियों ने गया-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्री वाहनों को तोड़फोड़ करते हुए यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार किया। इस दौरान उपद्रवियों द्वारा एक पार्सल वाहन और एक ब्रेड वाहन को लूट लिया। उपद्रवियों के द्वारा लटपाट के दौरान दोनों वाहनों से लगभग पच्चास लाख की संपति लूट ली गई। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क जाम के दौरान एक पटना के देव कुरियर के पार्सल वाहन और सुमांगलिक कंपनी के ब्रेड वाहन पर प्रदर्शनकारी उपद्रवियों ने धावा बोला। जहां पार्सल वाहन से बड़ी संख्या में रहे एनरॉयड मोबाइल, लैपटॉप, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित लगभग तीस लाख की संपति पर हाथ साफ कर दिया। देव कुरियर के प्रोपराइटर पटना निवासी उमाकांत सिंह ने बताया कि हम अपने पार्सल वाहन से गया से पटना की ओर जा रहे थे। सड़क पर जाम लगी थी। मौके पर रहे पुलिस प्रशासन के लोगों ने कहा कि बाईपास से चले जाइए। ज्यों हीं वाहन बाईपास पर एक पुल के समीप पहुंची लगभग दो सौ की संख्या में रहे लाठी डंडा और रॉड से लैस उपद्रवियों ने हमला बोल दिया और वाहन का ताला तोड़कर सारा सामान लेकर भाग गए। सुमांगलिक ब्रेड कंपनी के ब्रेड वाहन के चालक जितेंद्र कुमार ने बताया कि हम पटना से माल लोडकर गया जा रहे थे। सड़क जाम के कारण बेलागंज बाईपास से जा रहा था। उसी दौरान उपद्रवियों ने मेरे वाहन को रोककर तोड़फोड़ करने लगे और वाहन में रहा लगभग बीस लाख रुपया का सामान जिसमें ब्रेड, सेवरीज, समोसा सहित कई ब्रांड को क्षतिग्रत भी किया और ले कर भाग गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामराज सिंह ने बताया कि घटना के बारे में पीड़ितों के द्वारा गुरुवार की रात सूचना दी गई है। पुलिस मामले की तहकिकात कर रही है। उपद्रवियों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# अग्निपथ:आक्रोशित छात्रों ने रोकी ट्रेन, फेंका पत्थर, आधे दर्जन पुलिस कर्मी घायल





1. प्रदर्शन करते आक्रोशित युवा, 2. क्षतिग्रस्त ट्रेन

बीएनएम@विकाश वत्स

मोतिहारी। शहर में केंद्र सरकार द्वारा लाई गई शॉर्ट टर्म सैनिक योजना 'अग्निपथ' के विरोध में गुरुवार को युवा व छात्रों ने जमकर बवाल काटा। हजारों की संख्या में छात्रों ने चांदमारी रेलवे गुमटी जाम कर दिया। रेलवे गुमटी करीब दो-तीन घंटे जाम रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस को भी छात्रों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। आक्रोशित छात्रों ने दो बाइक भी जला दी। वहीं इंट-पत्थर फेंक अवध एक्सप्रेस को क्षति पहुंचाई। ट्रेन से सफर कर रहे यात्री भी चोटिल हो गए। बताया जाता है कि छात्रों ने पुलिस पर भी इंट-पत्थर फेंके। घटना में नगर थानाध्यक्ष विजय कुमार राय सहित कई पुलिस कर्मियों के घायल हो गए। मामले में पुलिस ने करीब दो दर्जन छात्रों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की सूचना पर डीएम शीर्षत कपिल अशोक, एसडी डॉ कुमार आशीष, सदर एसडीपीओ अरुण कुमार गुप्ता सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस जवानों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। रेल पुलिस व आरपीएफ जवानों ने भीड़ को नियंत्रित करने की पूरी कोशिश की।

### छात्रों ने की आगजनी कर की नारेबाजी

आक्रोशित छात्रों ने आगजनी कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने रेल ट्रैक को घंटो जाम रखा। इससे ट्रेनों के परिचालन भी असर पड़ा। पुलिस पदाधिकारियों को भीड़ को नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस को भी बल का प्रयोग करना पड़ा। स्थिति नियंत्रित होने के बाद रुकी अवध एक्सप्रेस का परिचालन शुरु किया गया।

### तुरकौलिया व पताही में छात्रों ने किया रोषपूर्ण प्रदर्शन

छात्र व युवाओं ने तुरकौलिया व पताही में सरकार की इस योजना के विरोध में रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। तुरकौलिया में छात्रों ने आगजनी कर जमकर नारेबाजी की। इससे कुछ देर के लिए आवागन प्रभावित रहा। जबकि, पताही में छात्र सरकार से कानून वापस लेने वाली पोस्टर लेकर सड़क पर उतरे और जमकर प्रदर्शन किया।

## NEWS IN BRIEF

### डीएम एसपी ने ली हालात का जायजा

छात्रों के हंगामा को शांत करने के लिए भेजे गए पुलिस बल भी नहीं टिक पाए। पुलिस केंद्र के अलावा कई थाना की पुलिस पहुंची। छात्रों ने पथराव करते हुए उन्हें भी खदेड़ दिया। बाद में पुलिस कर्मियों ने बिना किसी सुरक्षा के एक लाठी के सहारे पत्थरबाजी के बीच लाठी चार्ज करना शुरु किया। तब जाकर छात्रों की भीड़ तितर बितर हुई। छात्रों के उपद्रव की जानकारी मिलने पर डीएम शीर्षत कपिल अशोक और एसपी डॉ. कुमार आशीष बापूधाम रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने हालात का जायजा लिया। अवध एक्सप्रेस के क्षतिग्रस्त डब्बों को देखा और पैसेंजर्स से बात की।

### भाजपा विधायक के घर पर युवकों ने किया प्रदर्शन

पताही। चिरैया विधानसभा के भाजपा विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता के अवासर बखरी वं भाजपा कार्यालय पर सैकड़ो युवको ने केंद्र सरकार के द्वार सेना बहाली में नए नियम अग्निपथ को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। युवको ने थाना चौक पर टायर जला कर सड़क को घण्टो अवरुद्ध कर दिया। साथ ही युवाओं ने बाजार बंद करवकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे युवको ने क्षेत्र में चल रहे सभी कोचिंग संस्थानों को बंद करा दिया। प्रदर्शन कर रहे युवक चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता के आवास बखरी पर पहुँच वं भाजपा कार्यालय में जमकर हंगामा एवं प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी किया।युवको ने केंद्र सरकार से अग्रिपथ को वापस लेने की मांग कर रहे थे। सूचना मिलते ही मौके पर थानाध्यक्ष अनुज कुमार अपने दल बल के साथ पहुँच प्रदर्शन कर रहे युवको को समझा बुझा कर शांत कराया।

## कॉलेज परिसर से खून से लथपथ शव बरामद

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। मोतिहारी में खून से लथपथ एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। युवक की बड़ी बेरहमी से चाकू गोद और गला रेत कर हत्या कर दी गई। फिर आंख और सीने में गोली मार दी गई। शव नगर थाना क्षेत्र के एसएनएस कॉलेज परिसर से बरामद हुआ। वहीं मौके पर पहुंचे सदर एसडीपीओ अरुण कुमार गुप्ता, नगर इंस्पेक्टर ने शव के पास से दो जोड़ी हवाल चप्पल, शराब भरा बोतल, तीन ग्लास जिसमें शराब रखी थी, माचिस, एक कारतूस आदि बरामद किया। पुलिस जांच में जुट गई है। मृतक युवक की पहचान गांधीनगर रमना वार्ड नंबर 2 के रहने वाले हरिशंकर जायसवाल के 25 वर्षीय पुत्र अमित कुमार जायसवाल के रुप में हुई है। मृतक अमित के शरीर पर कई जगह चाकू गोदने के निशान हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## चाइल्ड लाइन एडवाइजरी बोर्ड का हुआ गठन, बच्चों के अधिकारों पर हुई चर्चा

बीएनएम@चिरैया

चिरैया। प्रखंड स्तरीय चाइल्ड लाइन एडवाइजरी बोर्ड की बैठक गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सूचना एवं प्रौद्योगिकी भवन के सभागार में हुई। अध्यक्षता बीडीओ नंदकिशोर साह ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से प्रखंड स्तरीय चाइल्डलाइन एडवाइजरी बोर्ड का गठन एवं कार्यान्वयन किया गया। बच्चों से संबंधित मुद्दों के निराकरण एवं प्रखंड के प्रत्येक विभाग की भूमिका की पहचान को सहयोग करने पर चर्चा कर बाल मजदूरों को मुक्त करने पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अनुभव तिवारी ने कहा कि किसी नाबालिग बच्चे बच्चियों को किसी तरह की समस्या आने पर जारी टोल फ्री नंबर 1098 पर संपर्क कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया जा सकता है, उस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बताया गया कि जनजागरण के लिए जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर बाल श्रम तथा विवाह रोकने तथा बच्चों के अधिकार आदि के संबंध में विस्तार रुप से जानकारी दी जाएगी। बैठक में आमंत्रित अधिकांश पदाधिकारी अनुपस्थित थे। मौके पर प्रखंड मुखिया संघ की अध्यक्ष सनमुति देवी, बीआरपी अंजनी कुमार, चाइल्ड लाइन सदस्य अंकिता कुमारी, रजनीश कुमार आदि मौजूद थे।

## अवैध बालू खनन में तीन ट्रेक्टर को पुलिस ने किया जब्त

बीएनएम@चकिया

चकिया। स्थानीय रेलवे गुमटी 136 के समीप अवैध बालू लदे तीन ट्रेक्टर को पुलिस ने जब्त कर लिया। जब्त बालू स्थानीय बुढ़ी गंडक नदी के किनारे से अवैध रुप से खनन कर रेलवे दोहरीकरण के कार्य हेतु लाई जा रही थी। जब्त वाहनों के पास इससे संबंधित किसी प्रकार का चालान या कागजात नही थे। मौके का लाभ उठा ट्रेक्टर चालक भागने में सफल हो गए।जब्त तीनों ट्रेक्टर रेलवे द्वारा कराए जा रहे दोहरीकरण के कार्य के लिए बालू की ढुलाई कर रहे थे। तीनों जब्त ट्रेक्टर मेहसी के बताए जाते हैं। प्रत्येक पर करीब सत्तर-सत्तर हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि इसको लेकर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।उन्होंने बताया कि ट्रेक्टर चालक व मालिक के खिलाफ विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि सरकार द्वारा बालू खनन पर लगी रोक के बावजूद स्थानीय नदी किनारे से आए दिन चोरी छिपे बालू खनन किए जाने की सूचना प्राप्त होती रहती हैं।



## महिला व दो युवतियों को बांधकर पीटा



बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। सुगौली थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरी वार्ड संख्या- 3 से मानवीय संवेदना को शर्मसार करने वाला एक दृश्य सामने आ रहा। दो लड़की व एक महिला को मचान में रस्सी से बांधकर पीटने का तेजी से वायरल हो रहे वीडियो ने तालिबानी हुकूमत की याद ताजा कर दी। भीड़ तमाशबीन खड़ी रही। किसी ने रोकने की कोशिश नहीं की। हालांकि, कुछ देर बाद जब एक महिला पहुंची, तब युवकों ने दोनों किशोरी व महिला को पीटना बंद किया। पूरे घटनाक्रम का एक युवक ने वीडियो बना लिया। वीडियो में महिला व लड़कियों को डंडे से दो युवक पीटते नजर आया। इसके बाद घटना की जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला व दोनों लड़कियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में चंदा देवी ने सुगौली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

### बेटी को भगाए जाने से नाराज थे परिजन

मिली जानकारी के अनुसार, एक लड़की तीन पूर्व किसी के साथ भाग गई। उसका गांव के ही युवक से ही प्रेम प्रसंग होने की बात कही जा रही है। परिजनों ने लड़की की काफी खोजबीन की। अंतत: लड़की मिल गई। इस बीच परिजनों को जानकारी मिली कि गांव की एक महिला व किशोरी दोनों ने मिलकर उनकी बेटी को भगा दिया था। इससे बात से परिजन नाराज हो गए। इसके बाद महिला व दोनों किशोरियों को पहले मचान में रस्सी से बांध दिया और पिटाई की। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर सभी भाग निकले।

### महिला समेत युवक गिरफ्तार

सुगौली थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने बताया कि जैसे ही हमें जानकारी मिली वैसे ही हम घटना स्थल पर पहुंच गए, लेकिन उन्हें हमारे आने की सूचना पहले ही मिल गई थी और सभी आरोपी वहां से फरार हो गए। इसके बाद हमने घायल महिला और लड़कियों को सुगौली PHC में भर्ती कराया गया। जहां महिला के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए एक महिला और एक आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया।

# यात्रियों को बेच रहा था बर्थ, सप्तक्रांति एक्सप्रेस का पेंट्रीकार मैनेजर गिरफ्तार



बीएनएम@बगहा

बगहा। मुजफ्फरपुर से आनंद विहार के बीच परिचालित सुपरफास्ट सप्तक्रांति एक्सप्रेस 12557 अप के पैंट्रीकार के मैनेजर को नरकटियागंज रेल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह ट्रेन में बर्थ बेच रहा था। चेकिंग के दौरान उसके पास से रेल पुलिस ने आठ हजार रुपया भी बरामद किया है। धराया पैंट्रीकार का मैनेजर राधेश्याम सिंह मोतिहारी जिला के पकड़ीदयाल थाना अंतर्गत मकौना गांव का रहने वाला है। यह कार्रवाई सगौली और नरकटियागंज रेल पुलिस की चेकिंग अभियान में की गई है। जानकारी हो कि सगौली रेल थानाध्यक्ष विवेकानंद प्रसाद अपराधियों, संदिग्ध व्यक्तियों और शराब धंधेबाजों के विरुद्ध बल के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच ट्रेन में मोतिहारी रेल थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार मिले। फिर दोनों अधिकारी पुलिस बल के साथ पैंट्रीकार की जांच करने पहुंचे। जांच में पाया कि एक पैंट्रीकार स्टॉफ यात्रियों को सीट देने के नाम पर वसूली कर रहा है। इस दौरान पूर्वी चंपारण के सगौली थाना के लाल पोखर गांव के यात्री अतुल कुमार सिंह से दो हजार और मोतिहारी के कुंदर मधुबन निवासी मनीष कुमार से एक हजार रुपये लेकर बर्थ दिया था। इसके अलावे कुछ अन्य यात्रियों से भी पैसा लेकर बर्थ देने में लगा हुआ था। इस बीच सगौली रेल थानाध्यक्ष ने नरकटियागंज के पदाधिकारी को यह सूचना दी। तब तक ट्रेन भी नरकटियागंज पहुंच गई। इसके बाद उस पैंट्री कार स्टाफ की तलाश शुरु हुई। उसे ट्रेन के बोगी संख्या 196528 सी में गिरफ्तार कर लिया गया। नरकटियागंज रेल पुलिस निरीक्षक केके सिंह ने बताया कि धराया पैंट्रीकार का कर्मी उसका मैनेजर है। पूछताछ करने पर उसने अन्य पैंट्रीकार कर्मियों के साथ मिलकर अवैध वसूली की बात स्वीकार की है। पुलिस निरीक्षक के बताया इस धंधे में टीटीई की संलिप्तता की बात भी बताई है। तलाशी करने पर उसके पास से आठ हजार रुपया और मोबाइल बरामद किया गया हैं। उन्होंने बताया कि यह संगठित अपराध का मामला प्रतीत होता है। इसमें संबंधित लोगों से पूछताछ की जायेगी। दोषी लोगों को गिरफ्त में लिया जायेगा।

## NEWS IN BRIEF

### निरीक्षण में गायब मिले 11 शिक्षक

बेतिया। पश्चिम चंपारण डीईओ रजनीकांत प्रवीण के औचक निरीक्षण में 2 विद्यालय,सिकटा में ग्यारह शिक्षक अनुपस्थित पाए गए।जबकि मात्र प्रभारी एचएम समेत चार शिक्षक उपस्थित थे।डीईओ श्री प्रवीण ने सिकटा में ताबड़तोड़ तीन 2 विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।जिसमें 2 विद्यालय, 2 गर्ल्स हाई स्कूल व मदरसा दारुल सलाम शामिल है। जिससे प्रखंड के शिक्षकों में हड़कम्प मच गई है। जानकारी के अनुसार डीईओ प्रवीण ने सर्वप्रथम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,सिकटा का निरीक्षण किया।जिसमें ग्यारह अनुपस्थित थे।जबकि एचएम समेत चार उपस्थित थे।जिसमें एचएम प्रेम कुमार पाठक,रमेश कुमार,शारिरिक शिक्षक श्याम कुमार व विवेक कुमार सिंह उपस्थित थे।वहीं विद्यालय में गंदगी देखकर एचएम प्रेम कुमार पाठक का जमकर फटकार लगाई। डीईओ ने विद्यालय के एक-एक रुम के अलावे लाइब्रेरी व प्रयोगशाला समेत पुरे विद्यालय का बारीकी से अवलोकन किया।डीईओ ने 2 गर्ल्स हाई स्कूल के एचएम मो.शाह आलम को एक्टिव बताते हुए प्रशंसा की।इस विद्यालय में साफ-सफाई से डीईओ काफी खुश दिखे।इस दौरान एचएम श्री आलम को कई दिशा-निर्देश भी दिए।जिसमें एचएम मो.शाह आलम के अलावे चार उपस्थित थे।

### प्रखंड के शिक्षकों में हड़कम्प

वहीं चार अनुपस्थित थे। जिसमें शिक्षक शीबू झा, इफ्तेखार अहमद, कुमारी नीलू व सहायक एजाज अहमद अनुपस्थित पाए गए। डीईओ ने बताया कि मदरसा दारुल सलाम, सिकटा में 156 नामांकित बच्चे में साठ बच्चे अध्ययनरत थे तथा भोजन बन रहा था। बहरहाल डीईओ के इस औचक निरीक्षण से प्रखंड के शिक्षकों में हड़कम्प है।

## तनीषा ने बीएचयू की प्रतियोगी परीक्षा में हासिल की सफलता

बीएनएम@बेतिया

मोतिहारी। शहर के अगरवा स्थित ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल की एक छात्रा ने प्रतिभा का परचम लहराया है। अगरवा निवासी तनीषा ने बीएचयू सेंट्रल हिंदू स्कूल की कक्षा छह की प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल कर ली है। वह ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल में पांचवी कक्षा की छात्रा है। पिता पंकज तिवारी ने तनीषा की उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है और कहा कि शुरु से ही वह पढ़ने में काफी तेज है और हमेशा कुछ अलग करने की कोशिश की। यही वजह है कि यह प्रतियोगी परीक्षा पास करने में सफल रही। विद्यालय के प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने तनीषा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## जिमरी नौतनवा पंचायत में होगा"आपकी सरकार आपके द्वार" का आयोजन

बीएनएम@बगहा

बगहा। प्रखंड बगहा दो के जिमरी नौतनवा पंचायत में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय नौतन शुक्रवार को "आपकी सरकार आपके द्वार" का आयोजन किया जा रहा है। बगहा एसडीएम दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में 3 पंचायतों की सुनवाई की जायेंगी। जिसमें ढोलबाजवा लक्ष्मीपुर, भड़छी व जिमरी नौतनवा पंचायतों के लोगों की सुनवाई "आपकी सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत होगा। डीसीएलआर मोहम्मद इमरान ने बताया कि इस कार्यक्रम कुल 15 विभाग के पदाधिकारी और कर्मी भाग लेंगे। जिसमें ऑन द स्पॉट लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। बगहा दो के प्रखंड विकास पदाधिकारी जयराम चौरसिया ने बताया कि प्रखंड से संबंधित जिसमें आवास योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान योजना आदि के मामलों की भी सुनवाई इस कार्यक्रम के तहत की जायेंगी। बगहा दो अंचल के अंचलाधिकारी राजीव रंजन कुमार श्रीवास्तव व राजस्व अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि भूमि से संबंधित किसी भी तरह की मामले की सुनवाई इस कार्यक्रम के तहत हुई होगी, जिसमें दाखिल खारिज, जमाबंदी, जमीनी विवाद आदियों के मामलों की भी सुनवाई इस कार्यक्रम के तहत किया जायेगा । कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को भाग लेने की अपील की गई है ।

## जनप्रतिनिधियों ने देखा उन्मुखीकरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। बिहार में पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकार में दिनों-दिन बढ़ोतरी की जा रही है। बिहार सरकार द्वारा पंचायत जनप्रतिनिधियों को सम्मान के साथ आर्थिक सहयोग देने पर भी कार्य किया जा रहा है। उक्त बातें सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को राजधानी पटना में पंचायती राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का ऑनलाइन उद्घाटन के मौके पर कही। यह कार्यक्रम प्रखंड के सभी पंचायतों के आरटीपीएस पर संचालित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों को सभी तरह की जानकारी दी जाएगी ताकि वे अपने पंचायत और इलाके के लिए बेहतर कार्य कर सकें। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए सीएम ने कहा कि उनकी सरकार पंचायत को लगातार मजबूत कर रही है। इसके साथ ही बिहार देश का पहला राज्य है जहां पंचायतो में 50 फीसदी महिलाओं को आरक्षण मिला हुआ है। सीएम ने शराबबंदी, दहेज प्रथा और बाल विवाह को लेकर जागरुकता अभियान चलाएं और अपने क्षेत्रों के लोगों को जागरुक करें।



## चकिया सोना लूटकांड में दो गिरफ्तार



बीएनएम@चकिया

**-चालक को लूट मे मिले हिस्से की हुई बरामदगी**

**-आधा किलो मादक पदार्थ भी बरामद**

चकिया। बीते दिनो चकिया मे हुए 2:70 करोड के सोना लूट कांड मे पुलिस ने लूटेरों की क्विड कार के चालक अभिषेक उर्फ मास्टर को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को चकिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि पुलिस ने अभिषेक उर्फ मास्टर को हिस्से मे मिलने वाला सोना-चांदी सहित आधा किलो चरस भी बरामद करने मे सफलता पाई है। वहीं घटना मे शामिल अरुण सहनी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी करने गोपालगंज गई टीम को अरुण सहनी को प्रश्रय देने वाले धरमेन्द्र सहनी को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि इस दौरान लूटकांड मे शामिल अभियुक्त अरुण सहनी मौका देखकर भागने मे सफल रहा। इधर पुलिस मामले मे ताबड़तोड़ छापामारी कर रही है। पुलिस सोना लूटकांड के मास्टर माइंड मुकेश की भी सरगर्मी से तलाश कर रही है। बताया गया है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चकिया एनएच 28 के फ्लाईओवर के पास कुछ संदिग्ध के द्वारा चरस जैसा मादक पदार्थ बेचने के लिए लेकर जा रहा है। जिस पर चकिया पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए फ्लाईओवर के पास घेराबंदी कर जांच अभियान चलाया गया । जिसमें दो आदमी के पास से छोले में रखा चरस बरामद हुआ। दोनों अपराधियो को चकिया थाना लाया गया। जांच के क्रम में अभिषेक उर्फ मास्टर की पहचान देवीलाल प्रसाद ज्वेलरी की दुकान में हुए कांड के फूटेज से गाड़ी चालक के चेहरा से मिलता हुआ पाया गया। शिनाख्त के बाद पुलिस ने अपराधियों से पूछताछ जारी किया। जिसमें अपराधियों के द्वारा बताया गए स्थान अभिषेक उर्फ मास्टर के गांव कुशहर में पीपल के पेड़ के नीचे सोना एवं चांदी मिट्टी में गाड़ कर रखा गया था। जिसे पुलिस ने बरामद कर ली। ज्ञात हो किकिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व मे 11 सदस्यीय एसआईटी टीम का गठन कर छापामारी शुरु की।जिसके बाद पुलिस ने बीते दिनो घटना मे संलिप्त 6 अपराधी रामबहादूर सहनी,विवेक कुमार,उपेन्द्र यादव, पंकज कुमार सहित दो अन्य को पकडने मे सफलता पाई थी।

# Editorial

## रोजगार में बड़ा सुधार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रोजगार के बारे में जो घोषणाएं की हैं, यदि उन्हें वास्तव में अमली जामा पहनाया जा सके तो लोगों को काफी राहत मिलेगी। मोदी ने कहा है कि अगले डेढ़ साल में 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरियां मिलेंगी और राजनाथ सिंह ने तो भारतीय सेना में भर्ती और सेवाओं के नियम ही बदल दिए हैं। इस समय देश में करोड़ों लोग पूर्णरुपेण बेरोजगार हैं और उससे भी ज्यादा लोग अर्धरोजगार हैं। यानी उन्हें पूरे समय कोई काम मिलता ही नहीं है। यदि 10 लाख को रोजगार मिल जाए तो यह तो ऊँट के मुंह में जीरे के समान ही होगा। सरकार की दृष्टि अपनी नौकरियों तक ही सीमित है। केंद्र सरकार के पास 40 लाख पद हैं। उनमें से लगभग 9 लाख खाली पड़े हैं। उसका कर्तव्य क्या इतना ही है कि वह इन्हें भर दे? वह तो है ही, उनसे अलग नए गैर-सरकारी रोजगार पैदा करना उससे भी ज्यादा जरुरी है। सरकारी कर्मचारियों को वेतन, भत्ता और पेंशन आदि तो पूरे-पूरे मिलते रहते हैं लेकिन वे अपना काम कितना करते हैं, इस पर कड़ी निगरानी का कोई तरीका हमारे यहां नहीं है जबकि चीन में मैंने कई बार देखा कि सरकारी और प्राइवेट कंपनियां अपने कर्मचारियों से डटकर काम लेती हैं। इसीलिए भारत से पिछड़ा हुआ चीन हमसे पांच गुना ज्यादा मजबूत हो गया है। सरकारी नौकरियों की संख्या जरुर बढ़े लेकिन उनकी उपयोगिता के मानदंड काफी सख्त होने चाहिए और हर पांच साल में उनकी समीक्षा होनी चाहिए। जो भी अयोग्य पाया जाए, उस कर्मचारी को छुट्टी दी जानी चाहिए। फौज में नौकरियों के नए नियम बनाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बधाई के पात्र हैं लेकिन कुछ अनुभवी अफसरों ने चिंता भी व्यक्त की है। इस साल 46 हजार नौजवानों को फौज में भर्ती किया जाएगा। उनकी उम्र 17.5 से 21 साल तक होगी। सभी जवानों को 4 साल तक फौज में रहना होगा। 4 साल बाद सिर्फ 25 प्रतिशत जवान वे ही रह पाएंगे, जो बहुत योग्य पाए जाएंगे। शेष 75 प्रतिशत जवानों को सेवा-निवृत्त कर दिया जाएगा। उन्हें पेंशन भी नहीं मिलेगी लेकिन नौकरी छोड़ते वक्त उन्हें 11 लाख 71 हजार रु. मिलेंगे, जिनसे वे कोई नया काम शुरु कर सकेंगे।

## सत्याग्रह का नाम बदनाम ना करो

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**



सत्याग्रह शब्द का व्यापक निहितार्थ है। इसमें सत्य है। प्रत्येक परिस्थिति में उस पर डटे रहने का आग्रह है। इसमें राजनीति के आदर्श और सिद्धांत का समावेश है। महात्मा गांधी ने इसे अपने अहिंसक संग्राम का अस्त्र बनाया था। जिस प्रकरण अस्त्र- शस्त्र संचलन के लिए निर्धारित प्रशिक्षण और योग्यता अनिवार्य होती है उसी प्रकार सत्याग्रह रुपी अस्त्र के संचालन का अधिकार हर किसी को नहीं हो सकता। इसके लिए महात्मा गांधी की तरह सत्य के प्रति आग्रह का भाव होना चाहिए। ईमानदारी के मार्ग का अनुसरण करने वाले ही सत्याग्रह के अधिकारी हो सकते है। इसमें साधन के साथ-साथ साध्य की पवित्रता होनी चाहिए। महात्मा गाँधी देश को आजाद कराने के लिए सत्याग्रह करते थे। उनका यह साध्य पवित्र था। यह सही है कि वर्तमान कांग्रेस पार्टी का महात्मा गांधी या उनके सत्याग्रह से कोई लेना-देना नहीं है। यह सोनिया राहुल और प्रियंका गांधी की पार्टी है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी नेशनल हेराल्ड घोटाले के आरोपी हैं। ईडी उनसे पूछ ताछ कर रही है। इस प्रक्रिया में उनको सहयोग करना चाहिए। यदि वह निर्दोष हैं तो उन्हें परेशान होने की आवश्यकता ही नहीं है। इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी सत्याग्रह कर रही है। इसको सत्याग्रह का नाम देना हास्यास्पद है। कांग्रेस पार्टी इस आदर्शवादी शब्द को बदनाम कर रही है। वह अपने शासनकाल को याद करे। तब गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी घंटों सवाल पूछे जाते थे। लेकिन भाजपा ने कभी इसके विरोध में सत्याग्रह नहीं किया। नरेन्द्र मोदी ने भी पूरा सहयोग किया था। अंततः वह निर्दोष साबित हुए। नेशनल हेराल्ड मसले पर गंभीर प्रश्न है। इनका जवाब तो सोनिया और राहुल गांधी को ही देना होगा। इसके विरोध में सत्याग्रह से पार्टी की छवि को ही नुकसान हो रहा है। सत्याग्रह करने वालों को इस डील के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। उनके विरोध का कोई मतलब भी नहीं है। उनको इस प्रकरण से कोई आर्थिक लाभ भी नहीं मिला होगा। फिर वह किसी अन्य दोष में अपरोक्ष सहभागी क्यों बन रहे हैं। 1930 में जवाहर लाल नेहरु ने नेशनल हेराल्ड अखबार की नींव रखी थी। इंदिरा गांधी के समय जब कांग्रेस में विभाजन हुआ तो इसका स्वामित्व इंदिरा कांग्रेस को मिला। नेशनल हेराल्ड को कांग्रेस का मुखपत्र माना जाता है। आर्थिक हालात के चलते 2008 में इसका प्रकाशन बंद कर दिया गया था। एसोसिएट्स जर्नल्स लिमिटेड, नेशनल हेराल्ड अखबार की मालिकाना कंपनी है। कांग्रेस ने 2011 इसकी 90 करोड़ रुपये की देनदारियों को अपने जिम्मे ले लिया था। इस हैसियत से पार्टी ने इसे 90 करोड़ रुपये का कर्ज दिया था। इसके बाद पांच लाख रुपये से यंग इंडियन कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया और राहुल की 38-38 प्रतिशत हिस्सेदारी रखी गई। शेष 24 प्रतिशत हिस्सेदारी कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीज के पास रही। कुछ वर्ष पहले एक याचिका में कहा था कि नेशनल हेराल्ड बिल्डिंग खाली करने का आदेश विवादास्पद उद्देश्य, बदनीयत और पूर्वाग्रह से ग्रस्त था। इससे जवाहरलाल नेहरु की विरासत समाप्त करने का प्रयास किया गया है। हाईकोर्ट ने इन सभी आरोपों को नकार दिया था। हाईकोर्ट ने कहा कि एजेएल के 99 प्रतिशत शेयर हासिल करने के लिए जो प्रक्रिया अपनाई गई, वह संदिग्ध है। एजेएल को यंग इंडिया ने हाईजैक किया और इसमें कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी व सोनिया गांधी सबसे बड़े भागीदार हैं। एजेएल को दो सप्ताह में इमारत खाली करनी होगी, नहीं तो अगली कार्रवाई की जाएगी।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

*Today's* **Opinion**

## बोरवेल हादसों को लेकर अब तो जागे समाज



**योगेश कुमार गोयल**

10 जून को छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में 80 फीट गहरे बोरवेल में गिरे 11 साल के राहुल को आखिरकार 104 घंटे के अबतक के सबसे लंबे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। राहुल 80 फीट की गहराई वाले बोरवेल में गिरकर 65 फीट की गहराई पर फंस गया था, जिसे निकालने के लिए सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य, बिजली विभाग सहित कुल 500 लोगों की टीम जुटी थी। रेस्क्यू के पहले दिन 10 जून की रात को राहुल को मैनुअल क्रेन के माध्यम से रस्सी से बाहर लाने की कोशिश की गई लेकिन बोरवेल के भीतर से बच्चे द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दिए जाने पर अलग-अलग मशीनों से खुदाई प्रारंभ की गई और करीब 60 फीट की खुदाई के बाद पहले रास्ता तैयार किया गया। बच्चे को निकालने के लिए बोर के समानांतर गड्ढा खोदकर 20 फीट सुरंग बनाकर बच्चे का रेस्क्यू किया गया। सुरंग बनाने के काम में पत्थर की वजह से रेस्क्यू टीम को भारी मशक्कत करनी पड़ी और रेस्क्यू ऑपरेशन 104 घंटे तक चला। अभी चंद दिनों पहले 22 मई को पंजाब के होशियारपुर जिले के गढ़दीवाला के समीप बहरामपुर में भी बोरवेल हादसा हुआ था, जिसमें छह वर्षीय बच्चा ऋतिक 300 फीट गहरे बोरवेल में करीब 95 फुट नीचे फंसकर मौत की नींद सो गया था। हालांकि सेना और एनडीआरएफ की टीम ने आठ घंटे के बचाव अभियान के बाद उसे बोरवेल से बाहर तो निकाल लिया लेकिन अस्पताल पहुंचाने से घंटे भर पहले ही बच्चे की मौत हो चुकी थी। विगत कुछ ही वर्षों में बोरवेल के ऐसे अनेक दर्दनाक हादसे सामने आ चुके हैं, जिनमें बोरवेलों ने कई मासूम बच्चों को जिंदा निगल लिया। हालांकि ऐसे हादसों में कड़ी मशक्कत के बाद कुछ बच्चों को बचा भी लिया जाता है लेकिन अधिसंख्य मामलों में बच्चे बोरवेल के भीतर दम घुटने से मौत की नींद सो जाते हैं। विड़म्बना है कि ऐसे हादसों पर पूर्ण विराम लगाने के लिए कहीं कोई कारगर प्रयास होता नहीं दिखता। पिछले कुछ वर्षों से बोरवेल हादसों को लेकर लोगों में जागरुकता पैदा करने के प्रयासों के बावजूद ऐसे हादसे निरन्तर सामने आ रहे हैं किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि लोग बार-बार होते इस तरह के हृदयविदारक हादसों से सबक नहीं सीखना चाहते। ऐसे मामलों में अक्सर सेना-एनडीआरएफ की बड़ी विफलताओं को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं कि अंतरिक्ष तक में अपनी धाक जमाने में सफल हो रहे भारत के पास चीन तथा कुछ अन्य देशों जैसी वो स्वचालित तकनीक क्यों नहीं है, जिनका इस्तेमाल कर ऐसे मामलों में बच्चों को अपेक्षाकृत काफी जल्दी बोरवेल से बाहर निकालने में मदद मिल सके। सवाल यह भी हैं कि आखिर बार-बार होते ऐसे दर्दनाक हादसों के बावजूद देश में बोरवेल और ट्यूबवैल के गड्ढे कब तक इसी प्रकार खुले छोड़े जाते रहेंगे और कब तक मासूम जानें इनमें फंसकर इसी प्रकार दम तोड़ती रहेंगी। कोई भी बड़ा हादसा होने के बाद प्रशासन द्वारा बोरवेल खुला छोड़ने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्ती की बातें तो दोहरायी जाती हैं लेकिन बार-बार सामने आते ऐसे हादसे यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि सख्ती की ये सब बातें कोई घटना सामने आने पर लोगों के उपजे आक्रोश के शांत होने तक ही बरकरार रहती हैं। ऐसे हादसों के लिए बोरवेल खुला छोड़ने वाले खेत मालिक के साथ-साथ ग्राम पंचायत और स्थानीय प्रशासन भी बराबर के दोषी होते हैं। कई साल पहले हुए प्रिंस हादसे के बाद से लेकर अब तक अनेक मासूम जिंदगियां बोरवेल में समाकर जिंदगी की जंग हार चुकी हैं किन्तु विड़म्बना है कि सुप्रीम कोर्ट के सख्त निर्देशों के बावजूद ऐसे प्रयास नहीं किए गए, जिससे इनपर अंकुश लग सके। विड़म्बना है कि देश में प्रतिवर्ष औसतन 50 बच्चे बेकार पड़े खुले बोरवेलों में गिर जाते हैं, जिनमें से बहुत से बच्चे इन्हीं बोरवेलों में जिंदगी की अंतिम सांसें लेते हैं। ऐसे हादसे हर बार किसी परिवार को जीवनभर का असहनीय दुख देने के साथ-साथ समाज को भी बुरी तरह झकझोर जाते हैं।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309
ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# तीन साल में अखिलेश ने कोई प्रश्न संसद में नहीं किया, राजा की तरह आए और निकल गए : मनोज



बीएनएम@आजमगढ़

आजमगढ़। भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव के चुनाव प्रचार व रोड शो में भाग लेने पहुंचे भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला। मनोज तिवारी ने कहा कि यहां के सांसद अखिलेश यादव की संसद में उपस्थित नगण्य रही। आजमगढ़ के बारे एक भी बार कुछ नहीं बोले। वे संसद में राजा की तरह आते थे और चले जाते थे। भाजपा को कलाकारों की पार्टी बताने पर मनोज तिवारी ने कहा कि यह प्रो. रामगोपाल यादव जैसे नेता के मुख से कैसे निकल गया। ऐसा बोलने वाले रामगोपाल यादव अपने मूल के भगवान कृष्ण कन्हैया का अनादर कर रहे हैं और आज आजमगढ़ अपने दुर्भाग्य को हटाने के लिए तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अग्निपथ का विरोध राजनैतिक हो रहा है। पार्टी के जिला कार्यालय पर पहुंचे भाजपा सांसद व अभिनेता मनोज तिवारी ने कहा कि आजमगढ़ के सांसद जिनके भागने के कारण चुनाव हो रहा है। मनोज तिवारी ने कहा कि जब से अखिलेश यादव आजमगढ़ के सांसद बने हैं, तब से उन्होंने आजमगढ़ से संबंधित एक भी प्रश्न चाहे वह तारांकित हो या अतारांकित, किया ही नहीं है। संसद में उपस्थित की स्थिति यह है कि वह राजा की तरह आते हैं और राजा की तरह जाते हैं। जैसे वह संसद पर अहसान करते हों। उनकी उपस्थिति मात्र 32 प्रतिशत है, जबकि उपस्थिति कम से कम 33 प्रतिशत होनी चाहिए। अगर आजमगढ़ कई सारी समस्याओं से जूझ रहा है उसका कारण यहां के सांसद अखिलेश भी हैं जिन्होंने एक भी सवाल संसद में नहीं रखा कि यहां यह समस्या है। मनोज तिवारी ने कहा कि यहां चुनौती है और इसके मूल में यहां के सांसद हैं। एक सांसद का अपनी क्षेत्र की जनता का अभिभावक होना जरुरी है। अगर वह शत्रु हो जाय तो उसका खामियाजा हमें भी भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि हम आज वाराणसी से बाई रोड आजमगढ़ आ रहे थे तो लग रहा था, बाम्बे पूना रोड पर चल रहे है जो कि एनएच है। जो हमको करना था, हमने किया। तमाम केन्द्र की योजनाओं को जमीन पर उतारा। हमने अपना काम किया लेकिन जिसको इस क्षेत्र की चिंता करनी चाहिए थी, वह अपना तो नुकसान किया ही, भाजपा पर भी प्रश्नवाचक चिन्ह लगाने की कोशिश की। लेकिन केवल दो साल बचा हुआ है। हमारा दो साल का काम कैसे तीन साल पर भारी पड़ जायेगा, हम इसे करके दिखाएंगे।

## NEWS IN BRIEF

### मेरठ में एलएलबी छात्र को गोली मारी, तीन हमलावर पकड़े

मेरठ। भावनपुर थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर में गुरुवार को छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए। इस विवाद में एलएलबी के एक छात्र को गोली मार दी गई। पुलिस ने तीन हमलावरों को पकड़ लिया। घायल की हालत गंभीर बनी हुई है। गंगानगर स्थित आईआईएमटी विवि में छात्रों के दो गुटों में विवाद चल रहा है। गुरुवार को एक गुट में शामिल एलएलबी का छात्र सचिन यादव आईआईएमटी विवि से अपने घर लौट हो रहा था। जब वह आईआईएमटी विवि के पीछे स्थित भावनपुर थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर में पहुंचा तो एक कार और तीन बाइक सवार हमलावरों ने उसे घेर लिया। इसके बाद उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। सिर में गोली लगने से सचिन घायल हो गया। इसके बाद तमंचा फेंककर हमलावर फरार हो गया। फायरिंग की आवाज सुनकर पुलिस और आसपास के लोगों ने घेराबंदी करके तीन हमलावरों को पकड़ लिया।

### युवक की हत्या के दो आरोपित पहुंचे जेल

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस ने गुरुवार को दलित युवक की शराब के ठेके पर हुई पीट-पीट कर हत्या के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना दक्षिण क्षेत्र के मौहल्ला करबला निवासी राज कुमार के साथ करबला की पुलिया स्थित देशी शराब के ठेके पर कुछ लोगों ने पिटाई कर दी थी। वह गंभीर रुप से घायल हो गया था। युवक की मंगलवार की रात उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस ने इस मामले में गुरुवार को सरदार सिंह निवासी बल्केश्वर आगरा व संजय कुमार निवासी ढकई थाना नारखी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## पद्रवियों पर कार्रवाई जारी, अब तक 357 गिरफ्तार

बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। जुमे की नमाज के बाद उत्तर प्रदेश के आठ जनपदों में बवाल करने वाले उपद्रवियों की गिरफ्तारी का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा। सुबह सात बजे तक 357 उपद्रवी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। उपद्रवियों के खिलाफ जारी कार्रवाई के मद्देनजर ये आंकड़े बढ़ सकते हैं। अपर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश के आठ जिलों में बवाल और आगजनी की घटना हुई। अब योगी सरकार उपद्रवियों पर कठोर कार्रवाई कर रही है। प्रयागराज में 97, सहारनपुर में 85, हाथरस में 55, मुरादाबाद में 40, अम्बेडकरनगर में 41, फिरोजाबाद में 20, अलीगढ़ में 06 और जालौन में 05 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस सिलसिले में प्रयागराज-सहारनपुर में 03-03 और अन्य जिलों में एक-एक यानी की कुल नौ एफआईआर दर्ज हुई है।

## 'अग्निवीर' योजना को लेकर सरकार करें पुनर्विचार: मायावती

बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग केंद्र सरकार की 'अग्निवीर' योजना की तारीफ करते नहीं थक रहे है। वहीं, विपक्षीय दलों ने सरकार के इस योजना को लेकर घेरना शुरु कर दिया है। इसी कड़ी में बहुजन समाज पार्टी(बसपा) की प्रमुख व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने ट्वीट कर सरकार के इस फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा है। अपने अधिकारिक ट्वीटर हैंडल से मायावती ने गुरुवार को लगातार तीन ट्वीट किए। पहले ट्वीट में उन्होंने कहा कि 'सेना में काफी लम्बे समय तक भर्ती लम्बित रखने के बाद अब केन्द्र ने सेना में 04 वर्ष अल्पावधि वाली 'अग्निवीर' नई भर्ती योजना घोषित की है, उसको लुभावना व लाभकारी बताने के बावजूद देश का युवा वर्ग असंतुष्ट एवं आक्रोशित है। दूसरे ट्वीट में कहा कि इनका मानना है कि सेना व सरकारी नौकरी में पेंशन लाभ आदि को समाप्त करने के लिए ही सरकार सेना में जवानों की भर्ती की संख्या को कमी के साथ-साथ मात्र चार साल के लिए सीमित कर रही है, जो घोर अनुचित तथा गरीब व ग्रामीण युवाओं व उनके परिवार के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ है। तीसरे ट्वीट में देश में लोग पहले ही बढ़ती गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी एवं सरकार की गलत नीतियों व अहंकारी कार्यशैली आदि से दु:खी व त्रस्त हैं, ऐसे में सेना में नई भर्ती को लेकर युवा वर्ग में फैली बेचैनी अब निराशा उत्पन्न कर रही है।

## प्रदर्शनकारियों से मुख्यमंत्री योगी ने की अपील





बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में सेना भर्ती के अभ्यर्थियों ने सड़कों पर उतरकर जमकर बवाल काटा। अभ्यर्थियों ने बुलंदशहर,आगरा, फिरोजाबाद, गोण्डा, उन्नाव समेत कई जिलों में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बसों में तोड़फोड़ की। पुलिस प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास कर रही है। पुलिस मुख्यालय की ओर से भी इस पूरे मामले में नजर बनाये रखे हुए हैं। अग्निपथ योजना के खिलाफ आंदोलित छात्रों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसी के बहकावे में न आने की अपील की है अग्निपथ योजना के विरोध में सेना भर्ती के अभ्यर्थियों ने जनपद बुलंदशहर के मुख्य भूड़ चौराहे पर बड़ी संख्या में बैनर पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया। सड़क जाम कर दिया। जिले में कई जगह बड़ी संख्या में युवा बैनर पोस्टर लेकर हाईवे और चौराहे पर आ गए। प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने शहर के मुख्य भूड़ चौराहे पर जाम लगा दिया। इसी तरह खुर्जा में भी विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। प्रदर्शन कर रहे युवाओं की खुर्जा इंस्पेक्टर और सीओ के साथ झड़प भी हुई। मामले की सूचना मिलने पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स और पीएसी मौके पर पहुंची और हल्का बल प्रयोग करके सभी को वहां से खदेड़ा। इस दौरान कई युवाओं को हिरासत में लिया है। प्रदर्शनकारियों ने आगरा दिल्ली हाईवे पर जाम लगा दिया। जाम के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी–लंबी लाइन लग गई। प्रदर्शनकारी युवाओं की मांग थी कि सेना में भर्ती पुरानी प्रक्रिया के तहत कराई जाए। जाम की सूचना पर पुलिस फोर्स पहुंच गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारी युवाओं को समझाया। इसके बाद युवा हाईवे से हटे। इस दौरान बाह में प्रदर्शनकारी युवकों ने रोडवेज बस पर पथराव कर दिया। बस के शीशे टूट गए। इधर, दोपहर करीब 12 बजे बड़ी संख्या में युवाओं ने शहर में भारतीय स्टेट बैंक तिराहे पर जाम लगा दिया। इससे एमजी रोड पर बड़ी संख्या में वाहन जाम में फंस गए। प्रदर्शनकारियों ने अलीगढ़ में भी बसों पर ईंट पत्थर चलाये हैं।

## गाजियाबाद : मुठभेड़ में शातिर अपराधी घायल, गिरफ्तार

बीएनएम@गाजियाबाद

गाजियाबाद। मसूरी पुलिस ने गुरुवार सुबह मुठभेड़ में शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया। बदमाश पर नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ के विभिन्न थानों में करीब 27 से भी ज्यादा लूट, हत्या, गैंगस्टर समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अभी उसका अन्य अपराधिक इतिहास खंगालने में लगी हुई है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से तमंचा और एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। सहायक पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल ने बताया कि सुबह मसूरी पुलिस की नहाल चौकी क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल पर संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। जिसे पुलिस ने रोकने का इशारा किया। लेकिन वह रुका नहीं बल्कि पुलिस को चकमा देकर तेजी से भागने लगा। पुलिस ने उसकी घेराबंदी की तो अचानक ही उसकी मोटरसाइकिल फिसल गई और वह बाइक छोड़कर भागने लगा। इसी दौरान उसने पुलिस पर फायरिंग शुरु कर दी। उधर जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस की तरफ से भी फायरिंग की गई।



# नए भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगा धर्मशाला : प्रधानमंत्री



बीएनएम@धर्मशाला

धर्मशाला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर के मुख्य सचिवों से कहा है कि दिल्ली के आपाधापी वाले माहौल से परे धौलाधार की शांत वादियों में विश्व के सबसे सुंदर क्रिकेट स्टेडियम में नए भारत की पटकथा लिखी जा रही है। धर्मशाला से ही नए भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। तीन दिवसीय मुख्य सचिवों के सम्मेलन में अगले 25 वर्षों के नए भारत पर मंथन चल रहा है। सम्मेलन के दूसरे दिन धर्मशाला पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष सत्र को संबोधित किया। इस सम्मेलन के जरिए प्रधानमंत्री ने अगले 25 वर्षों के नए भारत को लेकर अपना संबोधन दिया और मुख्य सचिवों को इस मार्ग को प्रशस्त करने का रास्ता भी दिखाया। धर्मशाला में राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन के लिए देश की राजधानी से दूर हिमाचल के छोटे से शहर धर्मशाला को तव्वजो देना प्रधानमंत्री मोदी का हिमाचल के प्रति विशेष लगाव दर्शाता है। मोदी ने कई बार कहा है कि हिमाचल भले ही छोटा राज्य हो लेकिन यहां पर बैठकर देश के हित के लिए बनाई जा रही नीतियां आने वाले भारत के भविष्य के लिए कारगर साबित होंगी। धर्मशाला में चल रहे मुख्य सचिवों के सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पिछले छह महीनों में 100 से अधिक बैठकों का दौर चल चुका है। सम्मेलन में मुख्य रुप से तीन विषयों राष्ट्रीय शिक्षा का कार्यन्वयन, शहरी शासन और फसल विविधिकरण तथा तिलहन एवं अन्य कृषि वस्तुओं में आत्मनिर्भता की पहचान की गई है। सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा के तहत स्कूल और उच्च शिक्षा दोनों पर मंथन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री ने मुख्य सचिवों के साथ मंथन किया। सम्मेलन के दूसरे दिन प्रधानमंत्री ने 'आजादी का अमृत महोत्सव: 2047 का रोड़ मैप' विषय पर विशेष सत्र को संबोधित करते हुए अंतिम व्यक्ति तक केंद्र व राज्य की योजनाओं को पहुंचने की बात कही। तीन दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन के बाद सामने आने वाले परिणामों पर नीति आयोग की गर्वनिंग काउंसिल की बैठक में विचार विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री एवं प्रशासक मौजूद रहेंगे ताकि उच्चतम स्तर पर व्यापक सहमति के साथ कार्ययोजना को अंतिम रुप दिया जा सके।

## NEWS IN BRIEF

### प्रधानमंत्री 17-18 जून को गुजरात दौरे पर रहेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार से गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री वडोदरा में गुजरात गौरव अभियान के दौरान 21,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने गुरुवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 17 और 18 जून को गुजरात के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री 18 जून को सुबह करीब 9:15 बजे पावागढ़ पहाड़ी पर श्री कालिका माता के पुनर्विकसित मंदिर के दर्शन और उद्घाटन करेंगे। इसके बाद सुबह करीब साढ़े 11 बजे वह विरात वन का दौरा करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 12:30 बजे वे वडोदरा में गुजरात गौरव अभियान में भाग लेंगे, जहां वे 21,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वडोदरा में गुजरात गौरव अभियान में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी भाग लेंगे। प्रधानमंत्री 16,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री सूरत, उधना, सोमनाथ और साबरमती स्टेशनों के पुनर्विकास के साथ-साथ रेलवे क्षेत्र में अन्य पहलों की आधारशिला भी रखेंगे। इन परियोजनाओं से रसद लागत कम करने और क्षेत्र में उद्योग और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। वे क्षेत्र में कनेक्टिविटी में भी सुधार करेंगे और यात्री सुविधाओं को बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत, प्रधानमंत्री द्वारा कुल 1.38 लाख घर समर्पित किए जाएंगे, जिसमें शहरी क्षेत्रों में लगभग 1,800 करोड़ रुपये के घर और ग्रामीण क्षेत्रों में 1,530 करोड़ रुपये से अधिक के घर शामिल हैं।

## अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरु

बीएनएम@अनंतनाग

अनंतनाग। अनंतनाग जिले के कोकरनाग इलाके में गुरुवार शाम को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरु हो गई है। माना जा रहा है कि इस मुठभेड़ में दो से तीन आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए है जिन्हें मार गिराने के लिए सुरक्षाबलों का अभियान जारी है। अनंतनाग जिले के कोकरनाग के हंगलगुंड इलाके में सुरक्षाबलों को आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के जवानों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरु किया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों को अपने पास आता देख उनपर गोलीबारी शुरु कर दी जिसके बाद मुठभेड़ शुरु हो गई। माना जा रहा है कि इस मुठभेड़ में दो से तीन आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए है जिन्हें मार गिराने के लिए खबर लिखे जाने तक सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है।

## महाराष्ट्र की सभी 48 लोकसभा सीटों को जीतने की तैयारी: देवेंद्र फडणवीस

बीएनएम@मुंबई

मुंबई। पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की सभी लोकसभा सीटों को जीतने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य कठिन है लेकिन उनका प्रयास जारी रहेगा। फडणवीस ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2024 चुनाव की तैयारी पर चर्चा करने के लिए बैठक बुलाई थी। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय सचिव विनोद तावड़े भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में महाराष्ट्र के 23 सांसद हैं और शिवसेना के 18 सांसद भाजपा की मदद से ही जीते। इस तरह से 41 सीटों पर हम जीत सकते हैं जबकि अन्य 7 सीटों पर भी हम तैयारी में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के वर्तमान सांसद अपने क्षेत्रों में काम करने के साथ-साथ आगामी चुनाव की तैयारी भी कर रहे हैं। राज्य में जहां भाजपा सांसद नहीं हैं, उन क्षेत्रों में केंद्रीय मंत्रियों को बतौर प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। इससे आगामी दो साल में केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाया जाएगा। साथ ही महाराष्ट्र से नेताओं को केरल, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश समेत अन्य राज्यों में लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए भेजा जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि भाजपा चुनाव की तैयारी चुनाव आने पर ही नहीं करती बल्कि यह प्रक्रिया हमेशा जारी रहती है। इसी तरह की तैयारी 2014 तथा 2019 के चुनाव से पहले भी की गई थी।

## अवसर के द्वार खोलेगी अग्निपथ योजना : तोमर



बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि अग्निपथ योजना युवाओं के लिए अवसर का द्वार खोलेगी। तोमर ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि केंद्र सरकार की ओर से सशस्त्र बलों में युवाओं की भर्ती के लिए घोषित 'अग्निपथ' योजना ऐतिहासिक व अभिनव है। इस योजना के माध्यम से देश के युवाओं के लिए अवसरों के अनेक द्वार खुलेंगे और उनके उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। योजना के माध्यम से कुशल मानव संसाधन की संख्या में विकसित होगा, जो देश के लिए एक बड़ी ताकत रहेगा। तोमर ने कहा कि यह योजना एक तरह से युवाओं को कुशल मानव संसाधन बनाने का एक अभियान है। चार साल के लिए जो अग्निवीर नामांकित होंगे, उन्हें सेनाओं में लागू जोखिम व कठिनाई भत्ते के साथ आकर्षक मासिक पैकेज दिया जाएगा, वहीं कार्यावधि पश्चात एकमुश्त 'सेवा निधि' पैकेज में 11.71 लाख रु. का भुगतान किया जाएगा, जिसे आयकर से छूट रहेगी। अग्निवीरों को 48 लाख रुपये का गैर-अंशदायी जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाएगा, वहीं प्राप्त कौशल को बायोडाटा का हिस्सा बनने के लिए प्रमाणपत्र में मान्यता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि योजना के तहत चयनित युवा चार साल में स्किल्ड हो जाएंगे, जिससे उन्हें इस कार्यावधि के बाद देश में ही अच्छे कैरियर के रुप में अनेक अवसर प्राप्त होंगे। अग्निवीरों में से ही युवाओं को सेना में भर्ती का अवसर भी मिलेगा, वहीं ट्रेनिंग के कारण उन्हें अन्य नौकरियों में प्राथमिकता मिलेगी, जिसके लिए गृह मंत्रालय, शिक्षा व दूरसंचार सहित अनेक केंद्रीय मंत्रालयों के साथ ही अनेक राज्य सरकारों ने घोषणा भी कर दी है। नौकरी पाने के इच्छुक युवाओं को सुरक्षा बल व पुलिस में प्राथमिकता दी जाएगी । तोमर ने कहा कि उद्यमी बनने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए वित्तीय पैकेज और बैंक ऋण योजना का लाभ मिलेगा और आगे की पढ़ाई के इच्छुक युवाओं को 12वीं के समकक्ष सर्टिफिकेट और ब्रिज कोर्स दिया जाएगा। इस तरह स्पष्ट है कि अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित रहेगा।

## सरकार में नहीं है सेना के प्रति सम्मान : राहुल गांधी

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केन्द्र सरकार की ओर से शुरु की गई योजना "अग्निपथ" पर आपत्ति जताई है। राहुल ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि केन्द्र सरकार न तो सेना का सम्मान करती है न ही युवाओं के भविष्य की चिंता है। राहुल ने कहा कि अग्निपथ योजना में न कोई रैंक है न ही कोई पेंशन की व्यवस्था है। बीते दो वर्षों में सेना में कोई सीधी भर्ती तक नहीं की गई है। उन्होंने कहा अग्निपथ योजना के तहत चार साल काम करने के बाद वह युवा कहां जाएंगे। राहुल ने कहा कि केन्द्र सरकार के इस कदम से साफ हो गया है कि वह सेना का सम्मान नहीं करती है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से अपील करते हुए कहा कि देश के बेरोजगार युवाओं की आवाज सुनिए। इन्हे 'अग्निपथ' पर चला कर इनके संयम की 'अग्निपरीक्षा' मत लीजिए। उल्लेखनीय है कि बीते मंगलवार को केन्द्र सरकार ने सेना में युवाओं की भर्ती के लिए "अग्निपथ" योजना की घोषणा की थी।



BNM Fantasy



# सोनम कपूर की बेबी शॉवर की तस्वीरें वायरल

बॉलीवुड की फैशन क्वीन सोनम कपूर ने हाल ही में बेबी शावर पार्टी आयोजित की, जिसमें सोनम कपूर की बहन रिया कपूर सहित कई मेहमान शामिल हुए। इस बेबी शॉवर पार्टी का आयोजन बिलकुल रॉयल स्टाइल में किया गया था और बेबी शावर में आये मेहमानों के लिए खाने-पीने से लेकर एंटरटेनमेंट का भी खास ध्यान रखा गया। हर मेहमान के लिए उसके हिसाब से मेन्यू तैयार किया गया था। अब इस बेबी शॉवर की कई तस्वीरें सामने आ चुकी हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बेबी शॉवर के दौरान सोनम कपूर पिंक कलर के गाउन में नजर आई। इस सेलिब्रेशन की कुछ तस्वीरें सोनम ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर फैंस के साथ साझा की हैं।

ट

*ट्विटर पर ट्रेंड हुआ बॉयकॉट ब्रह्मास्त्र*

आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की फिल्म ब्रह्मास्त्र इसी साल 9 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बीते दिन इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया। लेकिन अब सोशल मीडिया पर इस फिल्म के बॉयकॉट की मांग उठ रही है। फिल्म का ट्रेलर काफी शानदार है और हर कोई इसकी तारीफ़ कर रहा था। लेकिन इस बीच सोशल मीडिया यूजर्स ने कुछ ऐसा नोटिस कर लिया, जिसकी वजह से उनका गुस्सा फूट पड़ा है। ट्रेलर के एक सीन में रणबीर कपूर मंदिर में एंट्री करते हैं और उछलकर घंटी बजाते हैं। यहीं पर लोगों ने नोटिस किया कि उन्होंने जूते पहने हुए हैं। अब ये देखने के बाद उनकी नाराजगी सोशल मीडिया पर निकल रही है और फिल्म को बायकॉट करने की मांग उठ रही है। सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि 'जूते पहनकर मंदिर में घुसना सनातन धर्म का अपमान है और बॉलीवुड कभी भी सनातन धर्म को हर्ट करने का मौका नहीं छोड़ता है। गौरतलब है कि अयान मुखर्जी निर्देशित ब्रह्मास्त्र को करण जौहर, रणबीर कपूर, अपूर्व मेहता और नामित मुखर्जी संयुक्त रूप से प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म में रणबीर -आलिया के अलावा अमिताभ बच्चन, नागार्जुन, डिम्पल कपाड़िया और मौनी रॉय भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। यह पांच भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ में 9 सितंबर, 2022 को रिलीज होगी।



# मलाइका अरोड़ा को देख बेकाबू हुए कुछ लोग

## *भड़की एक्ट्रेस ने यूं लगाई डांट*



मलाइका अरोड़ा के वीडियोज आए दिन चर्चा का विषय बन जाते हैं. सोशल मीडिया पर उनके पोस्ट हों या चाहे पैपराजी द्वारा कैप्चर किया हुआ मोमेंट हो फैंस एक्ट्रेस की हर अदा पर अपना दिल लुटाते हैं. हाल ही में एक्ट्रेस को देखकर कुछ लोग बेकाबू हो गए और उनकी फोटोज खींचने लगे, जिस पर वो काफी नाराज हो गई. मलाइका अरोड़ा का हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह जिम से बाहर निकलती हैं और फिर कुछ लोग उन्हें घेर लेते हैं. लोगों की एक्ट्रेस के संग फोटो खिंचवाने की होड़ मच जाती है. ऐसा होता हुआ देख मलाइका का पारा चढ़ गया और उन्होंने गुस्से में कहा- 'कितनी फोटो लोगे'. मलाइका का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देख लोग उन्हें अब ट्रोल करने लगे हैं. इस वीडियो में मलाइका अरोड़ा ने ब्लैक स्पेगेटी और शॉर्ट्स में नजर आ रही हैं. बालों को बांधकर उन्होंने ब्लू कैप पहनी हुई हैं. मलाइका अरोड़ा अक्सर मुंबई में नजर आ जाती है. कभी सैलून के बाहर, तो कभी अपने योगा सेंटर के बाहर. मलाइका सामने से दिखने में किसी हुस्नपरी जैसी दिखती हैं. उनके सामने आते ही मीडिया के साथ-साथ फैंस भी फोटो क्लिक करने के लिए निकल जाते है. लेकिन इस बार तो मलाइका का पारा ही हाई हो गया और उन्होंने डांट लगा दी. इस दौरान मलाइका के चेहरे पर खीझ साफ देखी जा सकती है. ऐसे में फैन एक बार फिर एक्ट्रेस से ठीक से फोटो क्लिक कराने की गुजारिश करता है. एक्ट्रेस तैयार हो जाती हैं. इस पर पीछे खड़े लोग हंसने लगते हैं. मलाइका अरोड़ा का ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. मलाइका अरोड़ा आए दिन कैप पहने नजर आती हैं, उसके पीछे का कारण है उनका एक्सीडेंट. बीते दिनों मलाइका का एक बुरा एक्सीडेंट हो गया था. जिस वजह से उनके माथे पर चोट लगी थी और उस पर टांके भी लगे थे. मलाइका जब भी नो मेकअप लुक से घर से बाहर निकलती हैं तो कैप जरूर कैरी करती हैं ताकि उनकी चोट के निशान आम जनता को ना देखने को मिले.